### नालों और सीवरेज की सफाई में बर्दाश्त नहीं की जाएगी किसी तरह की लापरवाही

# बरसात में शहर को जलभराव से बचाने की कवायद तेज, मेयर ने खुद संभाली कमान

**मेयर सुमन बहमनी ने शहर के मॉडल टाउन के वेयर हाउस से लेकर डिच ड्रेन तक लिया नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा**



यमुनानगर। नालों की सफाई का निरीक्षण करने के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देतीं मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मानसून के दौरान शहर में जलभराव से बचाने की कवायद तेज कर दी गई है। इस अभियान की कमान खुद नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी संभाल रही हैं। वह खुद मौके पर पहुंच रही हैं और मौका मुआयना कर अफसरों और कर्मियों को आवश्यक निर्देश दे रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अधिकारी हालत की गंभीरता को समझते हुए तेजी से काम करवाएं। नालों और सीवरेज की सफाई में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बरसात नजदीक है। इसे देखते हुए नगर निगम द्वारा नालों व सीवरेज की साफ सफाई की जा रही है। इसी कड़ी में मेयर सुमन बहमनी ने बुधवार को जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता दिनेश गाबा, एसडीओ रोहित सरोगी व निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल के साथ शहर के मॉडल टाउन के वेयर हाउस से लेकर जम्मू कॉलोनी डिचड्रेन तक नालों का निरीक्षण कर सफाई कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालों में गंदगी मिली। जिसकी मौके पर सफाई करवाई गई।

मेयर ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सभी सिवरेज को दुरुस्त करने, ब्लॉकेज खोलने और सभी मेनहोल बेहतर करने के निर्देश दिए। इसके अलावा निगम अधिकारियों और एजेंसी को सभी नालों की मानसून से पहले गहराई तक साफ करने के निर्देश दिए। उन्होंने मॉडल टाउन में वेयर हाउस गोदाम के पास बड़े नाले पर पहुंचकर नाले के सफाई कार्य व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मेयर सुमन बहमनी ने स्वयं नालों की गहराई तक सफाई की स्थिति जांची। इसके बाद उन्होंने संत निश्चल सिंह स्कूल के पिछले गेट के पास सरोजनी कालोनी, शक्ति नगर, टैगोर गार्डन, लाजपत नगर, विजय कालोनी, महाराणा प्रताप चौक के पास, कैंप, जम्मू कॉलोनी सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और डिच ड्रेन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने स्थानीय लोगों से भी बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनकर कई स्थानों पर पानी की निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई।

#### नालों के तल में जमी सिल्ट निकालें बाहर

मेयर सुमन बहमनी ने नालों की सफाई कर रही एजेंसी के पदाधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक नाले के तल तक जमी गाद (सिल्ट) को पूरी तरह बाहर निकालवाएं। इसके बाद गाद को तुरंत उठवाकर कहीं उचित स्थान पर डलवाएं। ताकि वह दोबारा नाले में न बह सके। जहां भी धंसे हुए स्लैब या अतिक्रमण हैं। उन्हें तुरंत हटाया जाए। मानसून से पहले शहर के शत प्रतिशत छोटे बड़े नालों की सफाई हर हाल में पूरी होनी चाहिए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानसून शुरू होने से पहले शहर के सभी बड़े और छोटे नालों की सफाई हर हाल में पूरी की जाए।

## बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए समय रहते व्यवस्था करें चाक-चौबंद

**उपायुक्त प्रीति ने जिला सचिवालय में बैठक कर प्रशासनिक अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश**



यमुनानगर। जिला सचिवालय में बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को बाढ़ से बचाव के इंतजामों को लेकर दिशा-निर्देश देतीं उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बाढ़ बचाव को लेकर किए जा रहे प्रबंधों को लेकर लघु सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में उपायुक्त प्रीति ने बाढ़ बचाव के लिए किए जा रहे प्रबंधों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने अधिकारियों को बरसात से पहले बाढ़ बचाव राहत कार्य पूर्ण कर लिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समय समय पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते रहें और वहां के लोगों से संपर्क बनाए रखें। मानसून के दौरान अधिक वर्षा होने के कारण यमुना नदी के साथ लगते क्षेत्र में अचानक बाढ़ की संभावना बनी रहती है। बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक सामान पहले से ही तैयार रखें। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि पंचायत विभाग गांव की संचार व्यवस्था का उपयोग करें और सूचना तंत्र को मजबूत रखें। सभी उपखंड में सूचना व्यवस्था बेहतर रखें। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित गांवों के सरपंचों व गणमान्य व्यक्तियों से भी संपर्क बनाए रखें। ताकि यह लोग प्रशासन को बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर समय रहते सूचित कर दें। तटबंधों के आसपास ऐसी मिट्टी का प्रयोग करें जिसका जल्दी और अच्छी तरह से जमाव हो सकें। बरसात में बरसाती पानी के कारण किसी भी व्यक्ति को सुविधा की कमी न आए और न ही कोई जान माल की हानि हो।

#### संकट की घड़ी में एकजुट होकर करें कार्य

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि हमारा सबसे पहला फर्ज है कि हम इस संकट की घड़ी में एकजुट होकर काम करें। उन्होंने सिंचाई विभाग, नगर निगम, खाद्य आपूर्ति विभाग और संबंधित एसडीएम से उनके क्षेत्र में बाढ़ बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी ली और आगामी प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिले में बरसाती पानी का अधिकतर भराव खेतों में है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को बाढ़ से प्रभावित नहीं होने दिया जाए । इसलिए सभी बाढ बचाव के कार्य समय रहते पूर्ण कर लिए जाएं। पशुपालन विभाग भी समय रहते पशुओं के आहार आदि का प्रावधान रखें। आपदा के समय रेडक्रास सोसाइटी का विशेष योगदान होता है। इसलिए रेडक्रॉस संस्था अपने वालंटियर्स सहायता के लिए तैयार रखें। उन्होंने बिजली अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के मौसम में बिजली की व्यवस्था सुदृढ रखें। कहीं पर तारे ढीली न हों इसका विशेष ध्यान रखे। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, एसडीएम छछरौली जसपाल सिंह गिल, एसडीएम व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह व डीआरओ तरूण सहोता आदि मौजूद रहे।



## त्रूटिहीन मतदाता सूची तैयार करने के लिए 14 जुलाई तक चलेगा अभियान

- नगर पालिका रादौर में पार्षदों की बैठक में एसडीएम नरेंद्र सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नगरपालिका रादौर में नपा पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में रादौर के एसडीएम नरेंद्र सिंह ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता नपा के चेयरमैन रजनीश मेहता शालू ने की। बैठक में एसडीएम नरेंद्र सिंह ने पार्षदों को मतदाता सूची अभियान की जानकारी दी।

एसडीएम नरेंद्र सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार क्षेत्र में त्रुटिहीन एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करने के लिए 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सभी बूथ लेवल अधिकारी घर घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म वितरित करेंगे और उन्हें भरवाकर विभाग में जमा कराएंगे। इसके बाद 21 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। सूची पर प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा 18 सितंबर तक किया जाएगा। 22 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी जाएगी। एसडीएम नरेंद्र सिंह ने बताया कि जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं था। वह अपने माता पिता या दादा दादी के नाम के आधार पर मतदान अधिकारों की मैपिंग करवा सकते हैं। यदि मैपिंग नहीं हो पाती है तो संबंधित व्यक्ति निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना पक्ष रख सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए प्रशासन स्वीप कार्यक्रम के तहत सरपंचों, पंचों व नंबरदारों के माध्यम से अभियान चला रहा है। वहीं, बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म 6 की प्रक्रिया जारी रखें तथा लोगों से अनावश्यक दस्तावेज न मांगे जाएं। इस अवसर पर सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया, पार्षद विनिश राणा, पार्षद राजीव आर्य सन्नी, पार्षद रविंद्र सैनी, पार्षद श्रीकांत मोंटी, रणजीत सिंह, अमनदीप छोटाबांस, सरदार मोनू सिंह व प्रीत गर्ग आदि मौजूद रहे।

## युवक ने बहला-फुसलाकर किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

यमुनानगरर। शहर की एक कॉलोनी में युवक ने बहला फुसलाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की का कॉलोनी के ही सुखमल जैन के साथ जान पहचान थी। एक दिसंबर 2025 को आरोपी ने उसकी लड़की को मिलने के लिए बुलाया। जब उसकी लड़की आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी ने बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। उसकी लड़की ने डर के कारण घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। इसके बाद उसकी लड़की गुमसुम रहने लगी। जब उसने अपनी लड़की को इस बारे पूछा तो उसकी लड़की ने उसे घटना के बारे में बताया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## 890 नशीले कैप्सूल के साथ युवक को किया गिरफ्तार

यमुनानगर। सीआईए टू पुलिस टीम ने पुराना टैक्स बैरियर कलानौर के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 890 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। आरोपी नशीले कैप्सूल उत्तर प्रदेश से लेकर आ रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सीआईए टू पुलिस टीम में तैनात पीएसआई सतीश कुमार ने बताया कि उनकी टीम शाम को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से एक युवक नशीले कैप्सूल लेकर यमुनानगर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने पुराना टैक्स बैरियर कलानौर के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब आरोपी को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 89 पत्ते प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल के बरामद हुए। जिनमें कुल 890 कैप्सूल थे। पुलिस टीम ने नशीले कैप्सूल कब्जे में लेकर पूछताछ की तो आरोपी की पहचान रूप नगर बाड़ी माजरा निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पिता को उपहार देकर मनाया फादर्स डे

- बच्चों को कामयाब बनाने के लिए पिता हर कुर्बानी देने को रहते हैं तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर क्षेत्र में बुधवार को फादर्स डे मनाया गया। फादर्स डे के अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने अपने पिता को इस दिन की शुभकामनाएं दी। बहुत से लोगों ने फादर्स डे पर अपने पिता को उपहार भी दिए। जबकि अपने पिता को खो चुके लोगों ने उन्हें फादर्स डे पर याद किया। क्षेत्र के लोगों ने सोशल मीडिया पर फादर्स डे को लेकर अपनी खुशी का इजहार किया। रादौर निवासी रामकुमार, नरेश कुमार, कंवरपाल, अमित गुप्ता, संदीप कुमार आदि ने बताया कि अपने पिता को सम्मान देने के लिए फादर्स डे मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पिता नीम के पेड़ के जैसे होते हैं, जिसके पत्ते भले ही कड़वे हों, पर वह छाया हमेशा ठंडी ही देते हैं। पिता बच्चे का मार्गदर्शक होता है। जो उसे जीवन में कामयाब बनाने के लिए अपना सब कुछ कुर्बान करने के लिए हमेशा तैयार रहता है।



यमुनानगर। जाट नगर रादौर में पिता के साथ पितृ दिवस मनाते आशु वर्मा।

वहीं अपने पिता को हमेशा के लिए खो चुके लोगों ने सोशल मीडिया पर अपने पिता की फोटो लगाकर उन्हें दिल की गहराइयों से याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। बुधवार को सोशल मीडिया पर फादर्स डे को लेकर धूम मची रही। इस अवसर पर जाटनगर निवासी आशु वर्मा ने बताया कि उन्होंने फादर्स डे पर अपने पिता रामकुमार वर्मा को उपहार दिये। वहीं केक काटकर खुशियां मनाई। साहिल वर्मा ने बताया कि फादर्स डे पर उन्होंने अपने पिता राधेश्याम वर्मा को याद किया। उन्होंने पिता के चित्र पर नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की। वहीं बैंक मैनेजर तरुण अरोड़ा निवासी गीता कॉलोनी ने अपने पिता सेवानिवृत्त प्रो.जीत सिंह अरोड़ा के जन्मदिन व फादर्स डे पर उन्हें उपहार दिए व उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

### गुरुकुल शादीपुर में संपन्न हुआ आर्य वीर दल आवासीय प्रशिक्षण शिविर

# शिविर के माध्यम से चरित्र और राष्ट्र निर्माण संभव: विद्यालंकार

**वैदिक मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का किया आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर। गुरुकुल शादीपुर में शिविर के समापन अवसर पर बच्चों को सम्मानित करते मुख्यातिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

श्रीमद्दयानन्द उपदेशक महाविद्यालय एवं वैदिक साधन आश्रम गुरुकुल शादीपुर में आयोजित सात दिवसीय आर्य वीर दल आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात के महामहिम राज्यपाल के ओएसडी डॉ. राजेंद्र विद्यालंकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान धर्मवीर सिंह आर्य ने की। इस अवसर पर आर्य वीर दल हरियाणा के संचालक उमेद शर्मा, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियणा के मंत्री विजय पाल सिंह तथा वेदप्रचार अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानन्द विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लगभग 170 आर्य वीरों ने सात दिनों तक प्राप्त यज्ञ, योग, व्यायाम, दण्ड, बैठक, लाठी, भाला, नियुद्ध, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति तथा वैदिक संस्कारों का प्रभावशाली प्रदर्शन प्रस्तुत किया। उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने उनके साहस अनुशासन और कौशल की सराहना की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यातिथि डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने कहा कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का कार्य ऐसे शिविरों के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से वैदिक मूल्यों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के उत्थान में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरुकुल शादीपुर का गौरवशाली इतिहास रहा है और हम सबका दायित्व है कि मिलकर इस गुरुकुल को पुन उसके स्वर्णिम गौरव तक पहुंचाएं। सभा प्रधान धर्मवीर आर्य ने कहा कि आर्य वीर दल के शिविर बच्चों और युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति तथा संस्कारों का विकास करते हैं। वर्तमान समय में ऐसे प्रशिक्षण शिविरों की आवश्यकता है।

#### प्रदेश में ग्रीष्मकालीन अवकाश में आयोजित होंगे 50 शिविर

आर्य वीर दल हरियाणा के संचालक उमेद शर्मा ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पूरे हरियाणा में लगभग 50 शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्य वीर दल का संगठन युवाओं के चरित्र निर्माणए राष्ट्रभक्ति एवं वैदिक संस्कारों के प्रसार के कार्य में निरन्तर संलग्न है। इस अवसर पर प्रधान मोहित आर्य एवं कोषाध्यक्ष डॉ. पुनीत बंसल ने मुख्य अतिथि तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों को पीतवस्त्र एवं ओउम स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में जिला संघचालक सेवा राम, गुरुकुल सरसावा के आचार्य सहजीव, गुरुकुल चकोह के आचार्य सुखदेव, सोनिया पुरी, बहन नीरज, जयपाल, डॉ. रमेश, मान सिंह आर्य, मास्टर सतपाल, संजीव नरूला व नरेंद्र आर्य आदि मौजूद थे।

### न्यूज डायरी



#### बंदियों को कौशल विकास का मिलेगा प्रशिक्षण

यमुनानगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनान द्वारा होटल मैनेजमेंट संस्थान भम्भौली के सहयोग से जिला कारागार में कैदियों के लिए एक माह के कौशल विकास प्रमाण पत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जेल अधीक्षक सतेंद्र कुमार ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में बंदियों को फूड प्रोडक्शन, फूड बेवरेज सर्विस, बेवरेज प्रिपरेशन एवं आजीविका सृजन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को व्यवसायिक कौशल प्रदान करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा उनका पुर्नवास व समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। जेल अधीक्षक सतेंद्र कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कैदियों के भविष्य के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल व होटल मैनेजमेंट संस्थान भम्भौली के प्रिंसिपल डॉ. रजत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

#### फैंसी लाइटों से जगमग होगा रादौर का एसके मार्ग



रादौर। रादौर के एसके रोड़ के डिवाइडर पर जेएमआईटी चौक से लेकर त्रिवेणी चौक तक नगरपालिका द्वारा फैंसी लाइटें लगाई जा रही हैं। इन लाइटों के लगने से रादौर का एसके रोड जेएमआईटी चौक से त्रिवेणी चौक तक जगमग रहेगा। उक्त जानकारी नगर पालिका रादौर के चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने दी। नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालू ने बताया कि नगरपालिका रादौर द्वारा कस्बा के एसके रोड़ के डिवाइडर पर जेएमआईटी चौक से लेकर त्रिवेणी चौक तक करीब दो किलोमीटर लंबाई तक 90 फैंसी लाइट पोल लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है। एसके रोड के डिवाइडर पर फैंसी लाइट पोल लगने से शहर में एसके रोड जगमग होगा। इससे कस्बा की सुंदरता में चार चांद लगेंगे। नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने बताया कि पहले एसके रोड पर शहर में साधारण पोल लगाकर लाइटें लगाई गई थी। जिससे एसके रोड पर बहुत कम रोशनी होती थी। वहीं, एसके रोड पर लगे काफा संख्या में पोल वाहनो की टक्कर लगने से टूट चुके हैं। जिसके बाद अब नगरपालिका की ओर से एसके रोड के डिवाइडर पर लगभग दो फुट ऊंची मजबूत फाउंडेशन बनाकर फैंसी लाइट पोल लगाए जा रहे हैं। जल्द ही फैंसी लाइट पोल लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। नगरपालिका का उद्देश्य कस्बा का संपूर्ण विकास करना है। स्थानीय दुकानदारों की मांग पर रादौर के अस्पताल रोड पर मॉर्डन शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा है। जिससे स्थानीय दुकानदारों व राहगीरो को शौचालय की सुविधा मिल सकेगी।



#### पौधरोपण कर पंच धूना तप अनुष्ठान का शुभारंभ

रादौर। गांव कैल स्थित वाल्मीकि आश्रम में महंत राजेंद्र दास भारद्वाज के सानिध्य में 11 दिवसीय पंच धूना तप अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया। पंच धूना तप अनुष्ठान के शुभारंभ अवसर पर भाजपा नेत्री सोनिया परोचा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। मुख्यातिथि एवं भाजपा नेत्री सोनिया परोचा मंदिर प्रांगण में पौधारोपण करके पंच धूना तप अनुष्ठान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अनुष्ठान समाज में समन्वय और सदभाव का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में हम सभी को भाग लेकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। भाजपा नेत्री सोनिया परोचा ने कहा कि हमें पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिएं। उन्होंने युवा वर्ग को आहवान किया कि वह नशा आदि बुराइयों से दूर रहें और खेलों तथा अन्य देश सेवा की गतिविधियों में भाग लेकर अपना और अपने परिवार का नाम रोशन करें। मौके पर आश्रम के महंत राजेंद्र दास भारद्वाज ने कहा कि अनुष्ठान आयोजित करने का मुख्य उदेश्य लोगों की सुख समृद्धि और सद्भाव व भाईचारा का संदेश देना है। इस अवसर पर श्यामलाल, जय सिंह, रविदास, सागर, साहिल हरविंदर, हर्ष, अनुज, नोनी, विक्की, विनोद कुमार, नीरज कुमार, सिद्धार्थ परोचा,लवण परोचा व मोहन परोचा आदि मौजूद रहे।

#### बस परिचालक की अभद्रता की सीएम विंडो में शिकायत



रादौर। रादौर की गीता कॉलोनी निवासी दिनेश मान ने सीएम विंडो पर शिकायत देकर एक प्राइवेट बस परिचालक पर उसके साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। जिस पर शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायतपत्र में प्राइवेट बस के परिचालक के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। गीता कॉलोनी निवासी दिनेश मान ने बताया कि 15 जून को वह किसी काम से बस से रादौर से यमुनानगर गया था। दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे जब वह यमुनानगर से वापिस रादौर आ रहा था तो वह यमुनानगर बस स्टेंड से कुरूक्षेत्र जाने वाली प्राइवेट बस में सवार हुआ। इस दौरान उसके पास उसके एक दोस्त का फोन आया। तभी बस के संचालक ने बस में लगे म्यूजिक को तेज आवाज में चला दिया। उसने उसे परिचालक को म्यूजिक धीमा करने के लिए कहा। परंतु परिचालक भड़क गया और कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। उसने म्यूजिक को बंद करने से मना कर दिया और उसको बीच में ही उतारने की धमकी देने लगा। परिचालक ने सार्वजनिक रूप से उसका अपमान किया, जिससे उसे मानसिक आघात पहुंचा। उसने कहा कि परिचालक का व्यवहार एक जिम्मेदार कर्मचारी के अनुरूप नहीं था और इससे यात्रियों की सुरक्षा व सम्मान पर भी प्रश्नचिह्न लगता है। उसने सीएम विंडो के माध्यम से मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित परिचालक के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की। वहीं भविष्य में यात्रियों के साथ इस प्रकार की घटनाएं न हों, इसके लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की है।

#### गधोला गांव में महिला की संदिग्ध हालत में मौत

यमुनानगर। यमुनानगर के थाना छप्पर क्षेत्र के गांव गधौला में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक का परिजनों ने उसके पति पर गला घोंट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गत मंगलवार गांव गधोला में 50 वर्षीय महिंद्रो की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। इस दौरान महिंद्रा के पति दर्शन लाल ने अपनी साली को फोन पर बताया कि महिंद्रो की फिसल कर नीचे गिरने से मौत हो गई है। सूचना मिलते ही मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे और देखा तो महिंद्रा के गले पर निशान थे। उन्होंने आरोप लगाया कि महिंद्रा की उसके पति ने गला दबाकर हत्या की है। सूचना मिलने पर थाना छप्पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल जगाधरी के शवगृह में भिजवा दिया। मामले में जांच कर रही पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने पर करवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### एसपी 19 को पिहोवा में सुनेंगे जन समस्याएं

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन दिनांक 19 जून 26 शुक्रवार को थाना सदर पिहोवा में जनता दरबार लगाकर आमजन की शिकायत/समस्याएं सुनेंगे। थाना



सदर पिहोवा क्षेत्र का कोई भी नागरिक, जिसकी पुलिस विभाग से संबंधित कोई शिकायत, समस्या या सुझाव है वह शुक्रवार दोपहर 12 बजे थाना सदर पिहोवा पहुंचकर सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी बात रख सकता है।

### वृद्धजन एवं दिव्यांगजन जांच एवं माप शिविर 22 से

**थानेसर।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला रेडक्रॉस शाखा द्वारा जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र एवं एलिम्को के संयुक्त तत्वावधान में वृद्धजन एवं दिव्यांगजन जांच एवं माप शिविरों का 22 जून से 26 जून तक आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के शेड्यूल के अनुसार जानकारी देते हुए कहा कि इन शिविरों का आयोजन 22 जून को शाकुंभरी देवी मंदिर शाहबाद, 23 जून, अनाज मंडी धर्मशाला लाडवा, 24 जून नगरपालिका कार्यालय पिहोवा, 25 जून को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय इस्माइलाबाद तथा 26 जून को रेड क्रॉस भवन कार्यालय सेक्टर 13 कुरुक्षेत्र में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क जांच एवं माप शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### केयू पीजी में 3276 सीटों के लिए आवेदन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेशानुसार केयू के विभिन्न स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवदेन की अंतिम तिथि 18 जून है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि अभी तक पीजी पाठ्यक्रमों में 3276 सीटों के लिए कुल 7388 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि एमसीए, एमबीए, एलएलबी, एमए अंग्रेजी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी रसायन विज्ञान और मनोविज्ञान सहित अन्य विषयों में विद्यार्थियों ने दाखिले में सर्वाधिक रुचि दिखाई है।

### धरना-प्रदर्शन पर रोक के आदेश की निंदा की

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार द्वारा सितंबर माह तक प्रदेश में धरना, प्रदर्शन और रैलियों पर रोक लगाने के आदेश की एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने कड़े शब्दों में निंदा की है। पार्टी के जिला सचिव ने इसे अलोकतांत्रिक और नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर हमला बताया है। बुधवार को जारी बयान में राजकुमार सारसा ने कहा कि लोकतंत्र में धरना, प्रदर्शन और रैली जनता की आवाज उठाने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनसमस्याओं का समाधान करने के बजाय लोगों के विरोध दर्ज कराने के अधिकार पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कदम लोकतांत्रिक मूल्यों और न्याय के प्राकृतिक सिद्धांतों के विपरीत है।

## पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा और नेपाल सिंह ने किया उद्घाटन

# समाना बाहु में ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गांव समाना बाहु में ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग (सीजन-1, नॉर्थ जोन) का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह उस समय विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया जब पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं प्रसिद्ध क्रिकेट कमेंटेटर आकाश चोपड़ा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके साथ हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र नेपाल सिंह राणा ने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर आकाश चोपड़ा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारत में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने और आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करती हैं। नेपाल सिंह राणा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को पूरी खेल भावना और आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीत का सपना वही देखता है जो मैदान में उतरने का साहस रखता है तथा मेहनत और संघर्ष ही सफलता की असली कुंजी हैं।




**कुरुक्षेत्र।** मंचासीन पर्व भारतीय क्रिकेटर एवं प्रसिद्ध क्रिकेट कमेंटेटर आकाश चोपड़ा व अन्य।

### 21 जून को होगा समापन

आयोजक रवि गाबा ने बताया कि ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग (सीजन-1, नॉर्थ जोन) का आयोजन 16 जून से 21 जून तक समाना बाहु में किया जा रहा है। छह दिवसीय इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का समापन 21 जून को होगा, जिसमें विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लीग का मुख्य उद्देश्य टेनिस क्रिकेट को बढ़ावा देना तथा उभरते खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराना है। उद्घाटन समारोह के दौरान खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला। पूरे आयोजन स्थल पर क्रिकेट के प्रति जुनून और रोमांच का माहौल बना रहा। इस अवसर पर आयोजक मंडल एवं गणमान्य व्यक्तियों में रवि गाबा, सोमनाथ गाबा, विनय कम्बोज, गोबिंद कालड़ा, विजय पांचाल, राहुल शर्मा , प्रवीन पांचाल, आदि मौजूद रहे।

# आशा वर्कर के साथ बदसलूकी करने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा जिला कमेटी कुरुक्षेत्र ने शाहबाद के गांव की एक आशा वर्कर के साथ हुई बदसलूकी, मानसिक उत्पीड़न और अश्लील संदेश भेजने के मामले को लेकर कड़ा रोष व्यक्त किया है। इस संदर्भ में यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री प्रतिनिधि कैलाश सैनी को कुरुक्षेत्र में एक ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ तुरंत व ठोस कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। यूनियन की जिला प्रधान मनजीत और जिला सचिव पिंकी, सीटू जिला सहसंयोजक अनिल कुमार ने संयुक्त बयान में बताया कि गांव छोड़पुर, ब्लॉक शाहबाद की रहने वाली पीड़ति आशा वर्कर को गांव के ही एक व्यक्ति सतविन्द्र पुत्र उजागर द्वारा बीते 9 जून 2026 को मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप के माध्यम से अत्यंत अश्लील मैसेज व तस्वीरें भेजकर गंभीर रूप से मानसिक रूप से परेशान किया गया। इस घिनौनी हरकत के खिलाफ पीड़ति वर्कर द्वारा तुरंत थाना शाहबाद में लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी धाराओं (78 व 79) के तहत मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन शिकायत के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस व प्रशासन द्वारा अब तक आरोपी के खिलाफ कोई ठोस या सख्त कदम नहीं उठाया गया है।

# गांधी नगर में गोली चलाने के दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** रविवार सुबह कुरुक्षेत्र के गांधी नगर के पास दो युवकों पर गोली चलाने के दो आरोपियों को कुरुक्षेत्र पुलिस ने मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया है। मंगलवार देर रात अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नैशनल हाइवे-44 पर रतनगढ़ के पास निमार्णाधीन जाट भवन के पास आरोपियों के पैरों में गोली मारकर काबू किया है। आरोपियों की पहचान टोनी वासी गांधी नगर व कपिल वासी छोटा बाजार थानेसर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों को ईलाज के लिए एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है। जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक ने बताया कि रविवार सुबह करीब 3 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि गांधी नगर के पास कार सवार युवक ने दो युवकों पर गोली चलाकार भाग गए हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची तथा सीन आफ क्राईम को मौका बुलाकर छानबीन की गई। घायल युवक अमन वासी कीर्ति नगर व प्रिंस वासी गांधी नगर को सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। मौका से पुलिस को 5 खाली खोल और घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्कोर्पियो गाड़ी बरामद हुई थी। पुलिस ने पीड़ति प्रिंस वासी गाँधी नगर की शिकायत पर राहुल वासी बारना, टोनी वासी कुरुक्षेत्र व 3 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी थी। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच जल्द करने और आरोपियों को गिरफतार करने के आदेश दिए थे।

# जरूरतमंदों की सहायता से कभी धन या समृद्धि की कमी नहीं होती : विशाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला ने महाराजा अग्रसेन रसोई के अंतर्गत प्रतिदिन आयोजित होने वाले भंडारे एवं जलसेवा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन की प्रेरणा से एवं उनके आदर्शों पर चलते हुए जरूरतमंदों की सहायता करने एवं अन्न की सेवा करने से कभी धन या समृद्धि की कमी नहीं होती है। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत की महाराजा अग्रसेन रसोई से प्रतिदिन नगर के अनेकों गणमान्य लोग भी जुड़ रहे हैं। सिंगला ने कहा कि महाराजा अग्रसेन द्वारा दी गई अन्नदान की प्रेरणा और एक ईंट, एक रुपया (सामूहिक सहयोग) का सिद्धांत समाज कल्याण का मूल आधार है। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत एवं साया के तत्वावधान में बुधवार को सारन बंसल ने परिवार के सदस्यों के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया। इससे पहले गत दिवस हरिश अरोड़ा



द्वारा भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौजूद पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरिश अरोड़ा द्वारा आयोजित यह विशाल भंडारा सेवा, समर्पण और समाजहित की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। बड़ी संख्या में राहगीरों, श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंद लोगों ने भंडारे में भोजन प्रसाद ग्रहण किया। भंडारों में समाज सेवा एवं आपसी भाईचारे का सुंदर संदेश देखने को मिल रहा है।

# संगठन विस्तार से समाज को मिलेगा सशक्त आधार : सिंगला

- अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा ने की विभिन्न जिलों के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला द्वारा संगठनात्मक विस्तार एवं समाज के कार्यों को अधिक प्रभावी और सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जिलों के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्तियां की गई हैं। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। यह जानकारी अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने कुरुक्षेत्र में दी। प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने कहा कि समाज के निरंतर बढ़ते कार्यक्षेत्र और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के नेतृत्व में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इन नियुक्तियों से समाज के विभिन्न जिलों में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा समाज के लोगों के साथ संवाद एवं समन्वय और अधिक सुदृढ़ होगा। उन्होंने बताया कि पंचकूला, अंबाला एवं यमुनानगर जिलों के लिए राजीव जैन फतेहाबाद को प्रभारी तथा हरिओम अग्रवाल पिहोवा को सह प्रभारी नियुक्त किया।

### इन नियुक्तियों की भी घोषणा

इसी प्रकार कुरुक्षेत्र, कैथल एवं करनाल के लिए प्रदीप अग्रवाल यमुनानगर को प्रभारी तथा विकास गोयल रोहतक को सह प्रभारी बनाया गया है। पानीपत, सोनीपत एवं रोहतक जिलों के लिए प्रवीण गुप्ता घरौंडा को प्रभारी तथा मोहित बंसल, नरवाना को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। भिवानी, महेंद्रगढ़ एवं दादरी के लिए अमरनाथ गुप्ता पानीपत को प्रभारी तथा हरिओम मित्तल भाली को सह प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार रेवाड़ी, गुरुग्राम एवं झज्जर जिलों के लिए ललित बंसल बल्लभगढ़ को प्रभारी तथा अंकुश जैन रोहतक को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। फतेहाबाद, सिरसा एवं हिसार के लिए सुरेश पांडवानिया दादरी को प्रभारी तथा सुरेश गुप्ता नीलोखेड़ी को सह प्रभारी बनाया गया है। फरीदाबाद, नूंह एवं पलवल जिलों के लिए प्रमोद बंसल झज्जर को प्रभारी तथा सुमित हिंदुस्तानी कुरुक्षेत्र को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं जींद एवं हांसी जिलों के लिए एमपी जैन, सफीदों को प्रभारी तथा मुनीष मित्तल कुरुक्षेत्र को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा प्रदेशभर में सामाजिक एकता, युवा सहभागिता, शिक्षा, सेवा एवं संगठनात्मक मजबूती के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। नई नियुक्तियों से संगठन को और अधिक सशक्त आधार मिलेगा तथा समाज की आवाज को प्रत्येक जिले तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा।



### 48 कोस तीर्थ विकास बोर्ड का चेयरमैन बनने पर भाजपा नेता सांगवान का नागरिक अभिनंदन

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं कर्मठ नेता रविंद्र सांगवान को 48 कोस तीर्थ विकास बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर धार्मिक नगरी कुरुक्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस उपलक्ष्य में स्थानीय सुविधा प्रॉपर्टीज के परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने नवनियुक्त चेयरमैन रवींद्र सांगवान का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए नवनियुक्त चेयरमैन रविंद्र गवान ने कहा कि 48 कोस की पावन परिधि में आने वाले ऐतिहासिक व पौराणिक तीर्थों के विकास की जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। सांगवान ने कहा, मैं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझ पर यह बड़ा विश्वास जताया है। इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए सभी तीर्थों के विकास को तेजी से आगे बढ़ाना ही मेरा मुख्य लक्ष्य है। चेयरमैन ने विकास कार्यों में जनभागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि 48 कोस के अंतर्गत आने वाले प्राचीन तीर्थों का कायाकल्प तभी संभव है, जब इसमें हर एक समाज की भागीदारी होगी। यह कार्य सभी के सामूहिक सहयोग से ही पूरा किया जाएगा। सम्मान समारोह के दौरान रामकुमार राहुल, पंजाब सिंह, लखमी चंद रंगा, जीत राम, रामकुमार, महेंद्र सिंह बेदी, चंद्रेश्वर, गुलजार सिंह और महीपाल फूले सहित अनेक गणमान्य लोगों ने मुख्य अतिथि चेयरमैन रवींद्र सांगवान को बुके भेंट किए और शॉल ओढ़ाकर उनका विशेष अभिनंदन किया।

# पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जा रहा विभिन्न योजनाओं का लाभ: सैनी

**उपाध्यक्षा ने विभिन्न विभागों के लगाए स्टॉल व प्रदर्शनी का किया अवलोकन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा पात्र व्यक्तियों तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। केंद्र व हरियाणा सरकार की नियत व नियति दोनों साफ है। जिससे देश व प्रदेश का हर वर्ग खुश नजर आ रहा है। सरकार का संकल्प है कि गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा या बुजुर्ग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने शिवाला रामकुंडी लाडवा में आयोजित जन कल्याण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। हरियाणा राज्य



**लाडवा।** प्रदर्शनी का अवलोकन करती राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी।

बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित करके जन कल्याण शिविर का उद्दघाटन किया। इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने अवलोकन किया गया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने एक-एक स्टाल पर जाकर योजनाओं की बारीकी से जानकारी हासिल की। इसके साथ ही उनसे क्षेत्र में विभिन्न विभागों द्वारा करवाए जा रहे कार्यों व योजनाओं के दिए जा रहे लाभ के बारे में जानकारी ली।



### सदस्यता अभियान से संगठन के विस्तार की तैयारी, अंबाला कैंट से होगी राष्ट्रव्यापी शुरूआत

**कुरुक्षेत्र।** देश के प्रमुख जन-संगठनों में शामिल ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा द्वारा राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की शुरूआत अंबाला कैंट से की जाएगी। अभियान का शुभारंभ 21 जून को सुबह 10 बजे होगा, जिसमें हिमाचल प्रदेश के पूर्व डीजीपी पृथ्वी राज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। महासभा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रीना गावस्कर वाल्मीकि ने बताया कि सदस्यता अभियान का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत देशभर में नए सदस्यों को जोड़ने, संगठनात्मक गतिविधियों का विस्तार करने और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर जनजागरण करने की योजना बनाई गई है। कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे और संगठन की आगामी रणनीति, सदस्यता अभियान की रूपरेखा तथा विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा करेंगे। महासभा पदाधिकारियों के अनुसार अंबाला से शुरू होने वाला यह सदस्यता अभियान देश के विभिन्न राज्यों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे संगठन के विस्तार और सामाजिक जागरूकता को नई गति मिलेगी।



### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसान को दी जा रही सर्वोच्च प्राथमिकता : कलसाना

**शाहबाद।** शाहबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव संतोखपुरा में हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन एवं भाजपा नेता सुभाष कलसाना का ग्राम पंचायत द्वारा भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत करते हुए हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने क्षेत्र के जनप्रिय नेता सुभाष कलसाना को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों की आवाज को और मजबूत किया है। कार्यक्रम का आयोजन सरपंच सतविंदर कौर तथा सरपंच प्रतिनिधि गुरमीत सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याओं और विकास संबंधी मांगों को चेयरमैन के समक्ष रखा। सरपंच प्रतिनिधि गुरमीत सिंह ने गांव से गंदे पानी की निकासी के लिए नाले के निर्माण को सबसे प्रमुख आवश्यकता बताते हुए इसे जल्द पूरा करवाने की मांग की। इसके अलावा गांव के पार्क के सौंदर्यीकरण और तालाब की सफाई की मांग भी रखी गई।

### 1 क्विंटल चूरापोस सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने 'ऑपरेशन मैदान-2' के तहत नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने 'ऑपरेशन मैदान-2' के तहत नशीला पदार्थ रखने के आरोपी निर्मल सिह वासी भरेली जिला पंचकूला को गिरफ्तार करके करीब 8 लाख रुपए कीमत का करीब 99 किलो 530 ग्राम चूरापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मनदीप सिंह, सहायक उप निरीक्षक विजय, मुख्य सिपाही रिषी राम, सिपाही रवि, सोनू ० गाड़ी चालक मुख्य सिपाही संजीव कुमार की टीम अपराध की तलाश में मीना मार्किट शाहबाद पर मौजूद थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि निर्मल सिह वासी भरेली जिला पंचकूला जो कि कैन्टर ड्राईवर है और कैन्टर पर ड्राईवरी करता है। आरोपी कैन्टर मे पंजाब व चंण्डीगढ से माल लोड करके बिहार, झारखण्ड व बंगाल की तरफ जाता है और वापसी मे आते समय अपने कैन्टर में भारी मात्रा मे सस्ते रेट मे चूरापोस्त खरीद लेकर आता है और पंजाब मे महंगे दामों पर बेच देता है। आज भी निर्मल सिह अपने कैन्टर मे झारखण्ड से माल की आड मे भारी मात्रा मे चूरापोस्त लेकर आ रहा है और पंजाब की तरफ जायेगा।

## किसान यात्रा एवं पशुधन संवर्धन सम्मेलन में किसानों ने सांझा की सफलता की कहानियां

# नायब सरकार की योजनाओं से खेती व पशुपालन को मिला नया आयाम : ढुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्र सरकार की 12 वर्षों पूरे होने के उपलक्ष्य में सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मंगलवार को हमेटी परिसर में किसान यात्रा एवं पशुधन संवर्धन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रधान तेजेंद्र सिंह ढुल ने शिरकत की। तेजेंद्र ढुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं ने किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत कम करने तथा पशुधन संरक्षण को



**जींद।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते तजेंद्र ढुल।

मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर आधुनिक तकनीकों को अपनाएं और कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करें। सम्मेलन के दौरान सॉयल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पशुधन बीमा योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी किसानों ने मंच से अपने अनुभव और सपॅलता की कहानियां सांझा की।

### ये रहे मौजूद

*किसानों ने आधुनिक कृषि उपकरणों और तकनीकों के प्रति विशेष रुचि दिखाई। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक गिरीश नागपाल ने किसानों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते बताया कि सरकार कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर कृषि विभाग के एसडीओ डा. सुशील कुमार, डा. बलजीत, पशुपालन विभाग के चिकित्सक डा. बलवंत सिंह, प्रगतिशील किसान तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक सुखबीर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता पंकज निवासी मच्छी मौहल्ला ने 22 मई 2026 को शिकायत दी थी कि कैपिटल चौक में आरोपी कृष्णा व अन्य ने उसके दोस्त से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कृष्णा व अमन पाठक के रूप में हुई है।

### चोरी के मामले मे आरोपी काबू, एक्टिवा बरामद

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिव पैलेस अंबाला छावनी से एक्टिवा चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू किया। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही राजीव कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता रमेश कुमार ने 3 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 30 अप्रैल 2026 को आरोपी ने शिव पैलेस से उसकी एक्टिवा चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी जोनी को काबू कर उससे चोरीशुदा एक्टिवा बरामद की है।

### सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार की मिलेगी सुविधा

**अंबाला।** एडीसी विराट ने कहा कि पीएम राहत योजना केंद्र सरकार की (सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय) की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय योजना है, जिसका उद्देश्य सडक़ दुर्घटना के पीड़ितों को तुरंत कैशलेस चिकित्सा उपचार उपलब्ध करवाना हैं। अतिरिक्त उपायुक्त आज उपायुक्त कार्यालय में प्रधानमंत्री राहत योजना को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ले रहें थे। इससे पहले केन्द्र सरकार के सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली।

### सुनील अरोड़ा को मिला विद्वान रत्न सम्मान

**जींद।** द विंग्स ऑफ सुप्रीम लाइफ ट्रस्टए कुरुक्षेत्र द्वारा आज कंप्यूटर सेंटर संचालक सुनील अरोड़ा को कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं समाजहित में प्रदान की जा रही उल्लेखनीय सेवाओं के लिए विद्वान रत्न की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारी शिक्षाविद् राजबीर गंगोरिया एवं कृष्ण कुमार ने कहा कि सुनील ने कंप्यूटर शिक्षा के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा प्रदान की है।

### नाबालिग से शादी रचाने के आरोप में चार दबोचे

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की का विवाह करने के आरोप में पति समेत चार लोगों को गिरफतार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी सुनीता ने गत 17 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उन्हें स्वास्थ्य विभाग से सूचना मिली थी कि नाबालिग लड़की गर्भवती है।

---

19 साल के केशव को लगी गोली, तनाव के बाद गांव में पुलिस बल तैनात

# दुखेड़ी में गली विवाद को लेकर फायरिंग, युवक के पेट में लगी गोली

आपसी कहासुनी के बाद बढ़ा मामला, फायरिंग के बाद आरोपी फरार, हमलावर व पीड़ित है आपस में दूर के रिश्तेदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

दुखेड़ी गांव में 2 पक्षों के बीच हुए आपसी विवाद के बाद फायरिंग हो गई। फायरिंग में गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। सुरक्षा के लिहाज से गांव में पुलिस बल को तैनात किया गया है। घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाकर उपचार शुरू किया गया। पता चला है कि दुखेड़ी गांव में गली के ही दो पक्षों के बीच पहले भी कहासुनी हुई थी। उस समय मामला शांत हो गया था लेकिन बुधवार को एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और एक पक्ष ने गोली चला दी। गोली लगने से 19 वर्षीय केशव गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली उसके पेट में लगी जिससे वह खून से लथपथ हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित आदेश अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया है। फिलहाल उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है।



अंबाला। गांव में फायरिंग की जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

बताया जा रहा है कि हमलावर और पीड़ित आपस में दूर के रिश्तेदार हैं। हालांकि पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना के बाद सीआईए और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। टीम को घटनास्थल से एक गोली का खोल भी बरामद हुआ है। घटना के बाद किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।

---

# गुरुद्वारा सिंह सभा में नई लिफ्ट का उद्घाटन, संगत में खुशी की लहर

- गुरुग्रंथ साहिब के चरणों में अरदास के साथ नई लिफ्ट की हुई शुरूआत, बुजुर्गों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा



बराड़ा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सदस्यों को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि ।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा भाव को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गुरुद्वारा सिंह सभा, प्रेमनगर उगाला में नई लिफ्ट का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साध-संगत, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य तथा क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। नई लिफ्ट के शुरू होने से विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा साहिब में आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद के चेयरमैन सरदार मक्खन सिंह लबाना ने शिरकत की। अपने कर-कमलों से नई लिफ्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार राजिंदर सिंह तथा जिला परिषद सदस्य जसविंदर सोहता सहित सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्रों से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के चरणों में अरदास के साथ हुई। संगत ने नई लिफ्ट के सफल संचालन, क्षेत्र की उन्नति और सभी के कल्याण के लिए अरदास की। इसके बाद मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने विधिवत उद्घाटन कर लिफ्ट को संगत की सेवा के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है। नई लिफ्ट के स्थापित होने से अब बुजुर्ग श्रद्धालुओं को सीढ़ियां चढ़ने में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा और दिव्यांग जन भी आसानी से गुरुद्वारा साहिब तक पहुंच सकेंगे। मुख्य अतिथि सरदार मक्खन सिंह लबाना ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक संस्थाएं केवल आस्था का केंद्र नहीं होतीं, बल्कि समाज को सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश भी देती हैं। उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और गांव की संगत को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। समारोह के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से मुख्य अतिथि और अन्य विशिष्ट मेहमानों को सिरोपा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दानदाताओं और सहयोग करने वाले सभी लोगों का भी आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में गुरु का लंगर अटूट रूप से वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने प्रसाद ग्रहण किया। नई लिफ्ट के उद्घाटन से पूरे क्षेत्र में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला।

---

# 11 से 20 जून तक पंचायतों में चलेगा स्वच्छता अभियान

- केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर चलाया जा रहा है अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों मे स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीईओ जिला परिषद् गगनदीप के मार्गदर्शन में गांव में भी स्वच्छता अभियान बारे ग्रामीणों व अन्य को जागरूक करने का काम किया जा रहा हैं। सीईओ गगनदीप ने बताया कि 7 से 20 जून 2026 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता, स्वच्छता के प्रति जागरुकता, पर्यावरण की स्थिरता, नागरिकों की भागीदारी के दृष्टिगत 11 से 20 जून 2026 तक जिले में प्रचार अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके अन्तर्गत जिला में प्रतिदिन सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता सम्बन्धी सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। धार्मिक स्थानों की साफ सफाई और ज्यादा पैदल चलने वाला रास्तों की सफाई सफाई करवाई जा रही है। इस अभियान के तहत अंबाला-1 की ग्राम पंचायत मर्दों साहिब नूरपुर, ठरवा, माजरी, साहिबपुरा खंड अंबाला-2 की ग्राम पंचायतें गरनाला, खुडा कलां, ब्राह्मण माजरा खंड बराड़ा की शेरपर, सुलखनी, धनौरा, सुलखनी में धार्मिक स्थानों की साफ सफाई और ज्यादा पैदल चलने वाला रास्तों की साफ सफाई करवाई गई।

---

# जिले में सात परीक्षा केंद्रों पर 2962 विद्यार्थी दोबारा देंगे नीट की परीक्षा

- परीक्षा को पारदर्शी, नकलरहित एवं सुरक्षित संपन्न करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

अतिरिक्त उपायुक्त विराट की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश दोबारा परीक्षा (नीट-यूजी 2026) के सफतापूर्वक आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की विस्तार से समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाली नीट-यूजी पुनः परीक्षा के लिए जिला में सात परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 2962 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।



एआई जेनरेटेड

परीक्षा दोपहर 2 बजें शुरू होगी। इसलिए परिक्षार्थी समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पंहुचे ताकि फ्रिस्किंग आदि में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, व्हीलचेयर तथा अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने परीक्षा के दौरान किए जाने वाले सुरक्षा प्रबंधों की भी जानकारी ली। कहा कि परीक्षा को पारदर्शी, नकलरहित एवं सुरक्षित वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। मौके पर नगराधीश अभिषेक गर्ग, आरटीए सुशील कुमार, जिला समन्वयक अजीत यादव तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# बुनियादी सुविधाओं पर बिजली कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

- सब डिवीजन कार्यालय के बाहर एक घंटे तक किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

सब-डिविजन नंबर-2 के अंतर्गत आने वाले इंडस्ट्रियल एरिया में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों ने एकजुट होकर सब-डिवीजन कार्यालय के बाहर एक घंटे का विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और मांग पूरी न होने तक संघर्ष जारी रखने की चेतावनी दी। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि इंडस्ट्रियल एरिया का जो हिस्सा सब-डिविजन-2 के तहत आता है, वहां स्थिति बद से बदतर है। न तो यहां विभाग द्वारा कोई कंप्लेंट सेंटर व्हीकल उपलब्ध कराया गया है और न ही कर्मचारियों के लिए पीने के पानी जैसी बुनियादी व्यवस्था है। सबसे अधिक परेशानी का सबब पिछले आठ महीनों से लंबित कंप्लेंट रूम का मामला है। विरोध प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने कहा कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद विभागीय अधिकारी समस्याओं को अनसुना कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा, वह जनता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं, लेकिन विभाग उन्हें मूलभूत सुविधाएं देने में भी विफल है। प्रदर्शन में सब-डिवीजन के सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभाग को चेताया कि यदि जल्द ही सुविधाएं बहाल नहीं की गईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

---

# खेत से मोबाइल व नकदी चोरी में आरोपी गिरफ्तार

- केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर चलाया जा रहा है अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शहजादपुर

ट्यूबवेल के कमरे से नकदी व मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस आरोपी गांव पटरेहडी के रमेश कुमार को गिरफ्तार कर किया है आरोपी से मोबाइल व नकदी भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

निसार माजरा शहजादपुर के रहने वाले शोरण सैनी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि 16 जून को सुबह लगभग साढ़े नौ बजे के करीब मै अपने खेत में काम कर रहा था इस दौरान एक व्यक्ति जो चेकदार कमीज और काले रंग की पेंट पहने हुए खेत में ट्यूबवेल के पास छुप रहा था। इसी दौरान उसका पुत्र नरेंद्र मेरी रोटी लेकर खेत में आया। उसने इस व्यक्ति को पूछा की वह यहां क्या कर रहा है। तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। बेटे ने मुझे भी आवाज लगा दी। बेटे ने पहचान के लिए उसका आधार कार्ड मांगा। उसने बताया कि जब उसका बेटा ट्यूबवेल के कमरे में सामान चेक गया तो आरोपी फरार हो गया। आरोपी उसके कपड़ों से सात हजार रुपये नकद व मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। पुलिस टीम ने मामले में त्वतरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा सामान जब्त कर लिया है।

---

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत बीएलओ कर रहे सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम के दृष्टिगत 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म वितरित करने का काम किया जा रहा है। इस फार्म को मतदाता साईन सहित भरना सुनिश्चित करेगा। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि शैड्यूल के अनुसार सभी कार्य होने सुनिश्चित होने चाहिए। एडीसी ने बताया कि बीएलओ इस एन्यूमरेशन फार्म को मतदाता के घर देना सुनिश्चित करेंगे। उसके उपरांत परिवार का मुखिया इस फार्म को भरकर बीएलओ को देंगे। इसके अलावा मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी/निर्वाचन पंजीयन अधिकारी कार्यालय/जिला निर्वाचन कार्यालय में भी यह फार्म जमा करवा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा इस फार्म के अलावा मतदाता से किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केवल उन्हीं मतदाताओं का नाम ही मतदाता सूचियों की प्रारम्भिक प्रकाशन में शामिल होंगे जिनके द्वारा स्वयं हस्ताक्षरित एन्यूमरेशन फार्म दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक प्रकाशन से पूर्व बूथ लेवल एजेंट एक दिन में एक मतदान केंद्र पर केवल 50 फार्म ही जमा करवा सकता है। मतदान केंद्रों का रेशनेलाइजेशन 14 जुलाई 2026 तक किया जाएगा।

---

# मेरा- तेरा छोड़ आत्मिक दृष्टि से भाईचारे की भावना अपनाएं आमजन : सरोज बहन

- विश्व शांति धाम सेवा केंद्र में सरोज बहने ने भाई-बहनों को सुनाए परमात्मा के महाकाव्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विश्व शांति धाम सेवा केंद्र, कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रातः मुरली क्लास में सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने सभी बीके भाई-बहनों को परमात्मा के महावाक्य सुनाते हुए कहा कि वर्तमान समय में मनुष्यों को देह-अभिमान छोड़कर आत्म-अभिमानी बनने का विशेष पुरुषार्थ करना चाहिए। सच्चे राजयोगी वही हैं जो एक परमात्मा पिता की याद में रहकर पवित्रता को धारण करते हैं और माया रूपी रावण की दलदल से स्वयं को मुक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि परमात्मा शिव बाबा स्वयं आकर मनुष्य आत्माओं को सही राह दिखाते हैं तथा सुखधाम और शान्तिधाम की प्राप्ति का मार्ग बताते हैं। परमात्मा की याद से विकर्मों का विनाश होता है और आत्मा पुनः अपने मूल पवित्र स्वरूप को प्राप्त कर लेती है। इसलिए जीवन में "मैं आत्मा हूँ" का अभ्यास बढ़ाना और मेरा-तेरा के भाव को समाप्त करना आवश्यक है। सरोज बहन ने कहा कि आज का मनुष्य बाहरी सुख-सुविधाओं और भौतिक उपलब्धियों के पीछे भागते हुए मानसिक तनाव, अशांति और असंतोष का शिकार होता जा रहा है। ऐसे समय में राजयोग ध्यान आत्मिक शक्ति प्राप्त करने का सरल एवं प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब आत्मा परमात्मा से योग लगाती है तो उसके भीतर सकारात्मकता, धैर्य, प्रेम, करुणा और सहनशीलता जैसे दिव्य गुणों का विकास होता है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन कुछ समय ईश्वर स्मृति में बिताने, श्रेष्ठ संकल्प करने तथा अपने व्यवहार में मधुरता लाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संसार के भौतिक आकर्षण, इच्छाएँ और आसक्तियाँ ही माया की दलदल हैं।

---

### जर्जर भवन अचानक ढहने से दो लोग मलबे में दबकर जख्मी, अस्पताल में दाखिल करवाए

**अंबाला।** शहर के दोखंभा चौक स्थित पुरानी सब्जी मंडी में रात को करीब 70 साल पुराना जर्जर भवन गिर गया। इस हादसे में भवन के पास मौजूद दो लोग मलबे की चपेट में आकर घायल हो गए। घायलों में पुरानी सब्जी मंडी के 22 वर्षीय सब्जी विक्रेता राकेश कुमार और रामनगर के 65 वर्षीय कश्मीरी लाल शामिल हैं। अचानक हुए इस हादसे के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंचा और राहत बचाव कार्य शुरू किया। मदद के लिए एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है जो बचाव कार्य में जुटी हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### चोरी के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** चोरी के दो अलग-अलग मामलों में अम्बाला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता शोरण ने 16 जून 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपी ने शहजादपुर माजरा से नकद राशि व मोबाइल चोरी किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इस माले में संलिप्त आरोपी रमेश कुमार निवासी गांव पतरेहड़ी को गिरफ्तार किया है। दूसरा मामला, थाना पंजोखरा साहिब का है। यहां शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार ने 22 जुलाई 2025 को शिकायत दी थी कि 21 जुलाई 2025 को आरोपी ने गरनाला बैंक से 24 लोहा प्लेट चोरी की है।

---

पात्र लाभार्थियों को वितरित किए जाएंगे सभी प्रकार के सहायक उपकरण

# पंजीकरण शिविर में 394 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक हुए लाभान्वित

लाभार्थियों की आवश्यकताओं का किया आकलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन एवं एलिम्को के सहयोग से बुधवार को जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण पंजीकरण एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और लगभग 394 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण एवं मूल्यांकन किया गया। इस शिविर के दौरान एल्मिको की विशेषज्ञों की टीम ने लाभार्थियों की आवश्यकताओं का आकलन किया तथा व्हीलचेयर, सुनने की मशीनयंत्र, कृत्रिम अंग और बैटरी चालित ट्राइसाइकिल सहित अन्य सहायक उपकरणों की जरूरत के अनुसार पात्र लाभार्थियों की पहचान की। पंजीकृत लाभार्थियों के दस्तावेजों और मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही सहायक उपकरण उपलब्ध करवायें जाएंगे। इस शिविर में पहुंचने वाले दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों एवं उनके परिजनों के लिए बैठने, पेयजल और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे दूर-दराज से आए लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



कुरुक्षेत्र। पंजीकरण के लिए पहुंचे दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिक।

#### कल्याण कार्यक्रम का लोग उठा रहे लाभ

नवीन जिन्दल फाउंडेशन के टीम ने पूरे कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों की सहायता की। इस अवसर पर सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह (पूर्व आईएएस) ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का सदैव प्रयास रहा है कि समाज के जरूरतमंद और कमजोर वर्गों तक सहायता समय पर पहुंचे। इसी उद्देश्य से यह पंजीकरण एवं मूल्यांकन शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में पंजीकृत एवं पात्र पाए गए लाभार्थियों को जल्द ही एक कार्यक्रम में सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के नेतृत्व में नवीन जिन्दल फाउंडेशन जनसेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की सहायता कर रहा है। इस शिविर में नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम, एलिम्को की तकनीकी टीम और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों के पंजीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।